# जनपद शामली पुलिस

## --सोशल मीडिया सेल शामली—

प्रेस विज्ञप्ति 10.10.2025

**थाना कैराना पर संचालित साइबर सेवा केन्द्र की प्रभावी कार्यवाही में ठगी के 16,000/-रुपये (शत-प्रतिशत) धनराशि वापस कराई गई —**

पुलिस अधीक्षक जनपद शामली श्री एन0पी0 सिंह के निर्देशन में अक्टूबर माह के दौरान मनाए जा रहे National Cyber Security Awareness Month (NCSAM) के अंतर्गत साइबर जागरूकता एवं त्वरित निस्तारण अभियानों को गति प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 29.09.2025 को आवेदिका सुहाना पुत्री राजुदीन निवासी मोहल्ला दरबार खुर्द, कस्बा व थाना कैराना, जनपद शामली के साथ अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड के माध्यम से 16,000/-रुपये की ठगी की गई थी। इस संबंध में आवेदिका द्वारा साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई गई थी।

उक्त शिकायत पर पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली श्री संतोष कुमार सिंह के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना श्री श्याम सिंह के पर्यवेक्षण में साइबर सेवा केन्द्र थाना कैराना द्वारा तत्परता से कार्यवाही की गई। साइबर सेवा केन्द्र टीम द्वारा संबंधित बैंक से समन्वय एवं पत्राचार करते हुए आवेदिका के खाते से निकाली गई 16,000/- रूपये की संपूर्ण (शत-प्रतिशत) धनराशि वापस कराई गई है। आवेदिका सुहाना ने पुलिस अधीक्षक शामली एवं साइबर सेवा केन्द्र थाना कैराना की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया है।



**थाना झिंझाना व कैराना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए 04 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक 10.10.2025 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन0पी0 सिंह के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना झिंझाना व कैराना पुलिस द्वारा वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 04 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तगण की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना झिंझाना व कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त-**

1.रिंकु पुत्र विमल निवासी ग्राम अहमदगढ थाना झिंझाना जनपद शामली।

2.राजेन्द्र पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम मस्तगढ थाना झिंझाना जनपद शामली।

3.जग्गा पुत्र श्याम सिंह निवासी ग्राम खानपुर जाटान थाना झिंझाना जनपद शामली।

4.दिलशाद उर्फ दिल्ला पुत्र अलीहसन निवासी मौहल्ला आलकलां थाना कैराना जनपद शामली।





मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन. पी. सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में महिला एवं बाल सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे अभियान में थानाभवन पुलिस द्वारा एक सराहनीय कार्य किया गया।

दिनांक 09.10.2025 को कस्बा थानाभवन बाजार में खरीदारी के दौरान 3 वर्षीय बालक "श्रेयांश" पुत्र अरविंद, निवासी ग्राम नीरपुरा, थाना बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर, जो अपनी माता सरिता एवं नानी श्रीमती मैंगो देवी निवासी मोहल्ला माजरी, कस्बा थानाभवन, जनपद शामली के साथ बाजार आया था, भीड़ में अपनी मां से बिछड़ कर गुम हो गया।

इस सूचना पर मिशन शक्ति टीम, थानाभवन द्वारा त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए बच्चे को सुरक्षित तलाश कर थाने लाया गया। तत्पश्चात बच्चे के परिजनों की पहचान कर उन्हें थाने बुलाया गया और सत्यापन के उपरांत बालक को उसकी मां सरिता एवं नानी मैंगो देवी के सुपुर्द कर दिया गया।

इस सराहनीय एवं संवेदनशील कार्य को मिशन शक्ति टीम, थानाभवन द्वारा अंजाम दिया गया, जिसमें उ0नि0 प्रमोद कुमार (मिशन शक्ति प्रभारी), उ0नि0 लोकेश कुमार, उ0नि0 हरपाल सिंह, महिला आरक्षी रविता चौधरी एवं महिला आरक्षी अनु यादव  अधिकारीगण शामिल रहे:

पुलिस अधीक्षक शामली श्री एन. पी. सिंह द्वारा मिशन शक्ति टीम की तत्परता, मानवीय संवेदनशीलता एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहना की गई।

जनपद शामली पुलिस आमजन को यह संदेश देना चाहती है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस की सहायता लें। पुलिस सदैव आपकी सुरक्षा एवं सेवा के लिए तत्पर है।




SOCIAL MEDIA CELL SHAMLI